आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–26 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

18वीं लोकसभा के नए अध्यक्ष के रूप में एक बार फिर भाजपा सांसद ओम बिरला आज ध्वनिमत से चुन लिए गए हैं। श्री बिरला पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष थे। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले, जब आज सुबह सदन की बैठक शुरू हुई, तो प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 12 अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष की ओर से शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया ने श्री सुरेश के पक्ष में प्रस्ताव पेश किया। अपने संबोधन में श्री ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। श्री बिरला ने कहा कि 18वीं लोक सभा हमारे नए वीजन और नए संकल्प की सभा होनी चाहिए। देश के समक्ष ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक चर्चा और संवाद हो। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की इच्छा शक्ति के साथ हम सभी काम करें।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा, श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद के रूप में श्री बिरला के कार्य नये सदस्यों के लिए प्रेरणास्रोत होंगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।

****

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अस्थायी अध्यक्ष भर्तृहरि मेहताब को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर कल इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक भी हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल दोनों सदन की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी।

उधर, सुलतानपुर कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को दो जुलाई को तलब किया है। श्री गांधी पर पांच वर्ष पूर्व कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में केस चल रहा है। इस मामले में श्री गांधी बीते 20 फरवरी से जमानत पर हैं।

****

नीट परीक्षा घोटाले की जांच के लिए एक केन्द्रीय दल महाराष्ट्र के बीड पहुंच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार टीम ने जिले के मजलगांव तालुका के कुछ शिक्षकों से पूछताछ की है।

****

दुनिया भर में नशीली दवाओं का दुरुपयोग स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस, 26 जून को मनाया जाता है।

भारत में, नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। नशे के आदी लोगों के लिए तीन सौ 42 से अधिक एकीकृत पुनर्वास केंद्र भी बनाएं गए हैं। नशा छोड़ने में मदद करने के लिए सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर 1 4 4 4 6 भी शुरू किया है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों को प्राथमिक परामर्श और तत्काल रेफरल जैसी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

****

एक जुलाई से देश भर में लागू होने जा रहे नए आपराधिक कानून में दोषियों के विरूद्ध कठोर प्रावधान किए गए हैं। न्याय सुधार की भावना में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम अंतरराष्ट्रीय निहितार्थो के साथ अभूतपूर्व प्रावधान पेश करते हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय अपराध वाले मामलों में सहयोग के लिए उन्नत रूपरेखा और नए प्रावधान हैं। इन कानूनों के लागू होने से घोषित अपराधियों की विदेश में संपत्ति की कुर्की हो सकेगी। साथ ही बलात्कार, हत्या, संगठित अपराध, आतंकवादी गतिविधि सहित 100 से अधिक अपराधों को कानून में शामिल करते हुए दायरा बढ़ाया गया है। ये कानून जांच में अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं।

****

प्रदेश के कई जनपदों में आज हुयी बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है। कई जनपदों के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, बदायूं, सुल्तानपुर समेत अन्य जनपदों में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश की संभावना है।

****